सार-समाचार

ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं का धरना जारी

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ जिले के लोगों का धरना प्रदर्शन लगातार 9 दिनों से चल रहा है जिसमें सभी पीड़ितों ने कहा कि निवेशकों का भुगतान बड्र्स एक्ट कानून 2019 के तहत हमें वापस किया जाए जिसमें शासन प्रशासन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधि का पालन न करने और पीड़ितों का भुगतान न करने के कारण अनिश्चित असहयोग आंदोलन सत्याग्रह के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें हमारी सरकार से मांग है कि सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून 2019 बेनिंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम एक्ट 2019 बनाकर ठग कंपनी एवं सोसाइटी में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में दो से तीन गुना वापस की जाए इसी के संदर्भ में सभी पीड़ितों का भुगतान हो तथा झालावाड जिले में धरना के बैनर तले जिला अध्यक्ष रतनलाल से बात हुई उन्होंने कहा कि लाखों निवेशक प्रताड़ित है एजेंट मौत के मुंह में जाने और पलायन उत्पीड़न जैसे से बचाए जा सकते हैं आम चुनाव 2024 के दौरान स्वयं प्रधानमंत्री ने अनेक जनसभा में कहा था कि पीड़ितों का धन वापस करने का वचन देश को दिया था जिसे अब भुला दिया गया है हमारे जिला तहसील नगर गांव में लाखों लोगों की परिश्रम से प्राप्त पूंजी सरकार की एजेंसियों और सस्थाओं के पास फंसी हुई है इसलिए सभी देश के 42 करोड लोगों की मांग पूरी की जाए साथी गण दुलीचंद मीना, मानक चंद, रामनारायण धाकड़, सत्यनारायण माली, बजरंगलाल, शमसुद्दीन, पीरु मोहम्मद, चंदन यादव, रामस्वरूप प्रजापति, नंदकिशोर, सोनू, श्याम सिंह राजपूत, दिलीप अमेठा आदि मौजूद रहे।

योजना का लाभ देने की मांग

नैनवां (निसं)। बंजारा उत्थान समिति के तत्वाधान में बंजारा समाज के लोगों ने विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु आवास विहीन व्यक्तियों को भूखंड व पट्टा आवंटन अभियान के संदर्भ में बूंदी जिले के समस्त ग्राम पंचायतो को दिशा निर्देश देने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु आवास विहीन व्यक्तियों को भूखंड पट्टा आवंटन अभियान चलाया जा रहा है। जिसका बूंदी जिले की ग्राम पंचायतो में पालन नहीं किया जा रहा है। बंजारा समाज के व्यक्तियों को ग्राम पंचायत द्वारा भ्रमित किया जा रहा है। जबकि बलदिया बंजारा एक बंजारा समाज ही है। जिसे क्षेत्रीय अंचल के अनुसार विभिन्न नाम से पुकारा जाता है।यह घुमंतू जाति में आती है।इस संबंध में ग्राम पंचायतो द्वारा कोई प्रचार प्रसार नहीं किया जा रहा है। और न हीं किसी प्रकार से कोई सर्वे किया गया है। अधिकतम ग्राम पंचायतो ने अभियान के संदर्भ में झूठी रिपोर्ट पेश की है।बलदिया बंजारा बूंदी जिले में निवास नहीं करते हैं। जबकि बूंदी जिले में 80 प्रतिशत बलदिया बंजारा निवास करते हैं। अत: समस्त ग्राम पंचायत को सूचित करें कि अभियान के तहत सही सर्वे करे,योजना का प्रचार प्रसार का कर सही रिपोर्ट संबंधित विभाग को पेश करें।जिससे कि बंजारा समाज को भी राज्य सरकार की योजना का लाभ मिल सके। ताकि बंजारा समाज राज्य सरकार की मूलभूत सुविधाओं से वंचित न हो और उन्हें उनका पूरा लाभ मिल पाए। इस अवसर पर शंकर लाल सरवन मनोहर जगदीश हजारीलाल हुकम सिंह लालाराम मंगल बंजारा सहित बंजारा समाज के लोग उपस्थित रहे।

वृद्धजनों को धार्मिक यात्रा पर रवाना किया

बूंदी (निसं)। रोहिणी कुमारी राजपूत महिला फाउंडेशन, बून्दी द्वारा वृद्ध जनों को भगवान श्री केशवराय जी एवं श्री राज राजेश्वर महादेव की यात्रा के लिए सोमवार को रवाना किया। इस यात्रा का उद्देश्य बून्दी की ऐतिहासिक विरासत का प्रचार जन जन तक पहुँचाने का है। फाउंडेशन की अध्यक्ष रानी रोहिणी कुमारी ने बताया कि बून्दी में प्रतीकात्मक रूप से वृद्ध जनों को देव दर्शन करने के उद्देश से साथ ही उनके माध्यम से बून्दी की सांस्कृतिक एतिहासिक विरासत की जानकारी को देवालयों, मंदिरों के माध्यम से हमारी अमूल्य धरोहर की जानकारी आम जन तक पहुँचा सके। इसके पूर्व में भी रानी रोहिणी ने भगवान सांवलिया सेठ की निशुल्क यात्रा वृद्ध जनों को कराई, इसी क्रम में आज सोमवार 9 सितंबर को केशवराय पाटन स्थित श्री केशावराय जी एवं श्रीराज राजेश्वर महादेव के लिए भगवान के जयकारे लगाते हुए वृद्धजनों को यात्रा के लिए रवाना किया।

प्रभारी मंत्री देवासी 11 को दौरे पर रहेंगे

झालावाड़ (निसं)। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी बुधवार, 11 सितम्बर को झालावाड जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रभारी मंत्री 11 सितम्बर को प्रात: 8.30 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे झालावाड़ पहुंचेगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 2 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, वर्षा व अतिवृष्टि की स्थिति की समीक्षा, रोजगार उत्सव की तैयारियों, प्रस्तावित लोकार्पण एवं शिलान्यास तथा विधानसभावार स्कूल, कॉलेज इत्यादि संबंधी घोषणाओं के एस्टीमेट के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। तत्पश्चात् सायं 5 बजे बारां के लिए प्रस्थान करेंगे।

स्व. पाटीदार को श्रद्धांजलि अर्पित की

झालावाड़, (निसं)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को झालावाड पहुँचे। देवनानी झालावाड़ में जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्रीकृष्ण पाटीदार के निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने संवेदना व्यक्त की। देवनानी ने स्व. पाटीदार के पुत्र राम पाटी दार और श्याम पाटीदार सहित परिजन को ढांढ़स बंधाया। देवनानी ने कहा कि स्व. पाटीदार के निधन से अपूरणीय क्षित हुई है। उन्होंने कहा कि स्व. पाटीदार कुशल जनप्रतिनिधि, प्रखर वक्ता और सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर सक्रिय भागीदारी निभाने वाले व्यक्ति थे। देवनानी ने कहा कि स्व. पाटीदार से उनके व्यक्तिगत सम्बन्ध भी थे। देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजन को इस दु:खद घड़ी में शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना भी की।

शिक्षा मंत्री झालावाड़ दौरे पर

भवानीमंडी (निसं)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सोमवार को झालावाड़ दौरे पर रहे । अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय कानून मंत्री भारत सरकार का मेघवाल विकास समिति भवानीमंडी की और से बालमुकुंद मेघवाल आदि ने स्वागत किया। झालावाड के कनवाडी में निजी दौरे पर आए केंद्र सरकार के कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से समाजसेवी शिक्षक कल्याणमल मेघवाल ने विशेष मुलाकात की ओर राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से 2023 -24 की रुकी हुई प्रधानाचार्यो की पदोन्नित लागू करने की मांग की तो शिक्षा मंत्री ने इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए इसको शीघ्र स्वीकृत करने के लिए कहा है।

अतिक्रमण हटाने की मांग

भवानीमंडी (निसं)। मिश्रोली कस्बे में कब्रिस्तान के पास मुस्लिम समाज की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत मिश्रोली में मुख्य सड़क पर कब्रिस्तान के पास समाज की एक भूमि है, जिस पर मुस्लिम समाज के ही एक परिवार ने वर्षों से कब्जा कर रखा है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा इस भूमि पर टीन शेड डालकर सामुदायिक भवन का निर्माण कराना चाहती है ताकि समाज के कार्यक्रम वहां आयोजित हो सकें।

नदी के डूबे युवक के परिजनों से चर्चा की

बूंदी (निसं)। लालपुरा गांव में नदी पर ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भाजपा नेता रुपेश शर्मा ने लालपुरा में पहुंचकर मौक़े पर तहसीलदार व ग्रामीणों से मामले में चर्चा की। नदी में नहाते वक्त बहाव में डूबने वाले युवक के घर पहुंचकर परिजनों से बात की। गांव के रामलाल मीणा के नदी में पांच दिन से डूबने के बाद भी अभी तक रामलाल के नहीं मिलने पर गहरी चिंता जताई और जिला प्रशासन से निरंतर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने को कहा। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सोनल मीणा,पूर्व सरपंच गिरिराज मीना,सरपंच श्याम गुर्जर,भाजपा कार्यकर्ता राजूलाल मीणा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 12 को

बूंदी (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत 12 सितंबर को जिले के सभी उपखंडों पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

छबड़ा में वन भूमि के बड़े हिस्से पर हो रही खेती

छबड़ा (निसं)। छबड़ा में वन क्षेत्र का दायरा सिमटता जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण बड़े पैमाने पर वन भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है। माफिया वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। ऐसे में वन भूमि कम होती जा रही है। यह जानकारी विभाग के अधिकारियों को भी है, लेकिन कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं, जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। विभाग की ही जमीन को कौन मुक्त कराएगा, यह भी एक बड़ा सवाल है।

जानकारी अनुसार छबड़ा क्षेत्र के हर वन नाका क्षेत्र के इलाके में घना जंगल हुआ करता था। लेकिन अब धीरे-धीरे जंगलों का घनत्व कम होता जा रहा है। जंगलों में वन भूमि पर अवैध तरीके से भू-माफियाओ द्वारा कृषि कब्जा कर लिया हैं, जहां बड़े पैमाने पर फसले भी हो रही हैं। इसके चलते वन भूमि के बडे हिस्से पर धीरे-धीरे जंगलों का घनत्व कम होता जा रहा है और कृषि की जमीन का रकबा बढ़ रहा है। ऐसे भू-माफियाओं के खिलाफ वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की ओर से को प्रभावी कार्रवा नहीं की जा रही है। इसके चलते भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं। इससे पर्यावरण प्रेमियों में रोष बना हुआ है।

छबड़ा में वनभूमि पर अतिक्रमण हो रहा है।

विभाग के अंतर्गत आते है यह नाके- वन विभाग के अंतर्गत छबड़ा, जैपला, कडैयाहाट, पाली, रामपुरिया, दिलोद नाके आते हैं। जिनके अंतर्गत आने वाले कई गांवो में बड़ी संख्या में बेषकीमती वन भूमि पर अतिक्रमण चला आ रहा हैं। जिनमें अवैध तरीके से खेती की जा रही हैं। विभाग को सबकुछ ज्ञात होते हुए अनजान बनकर बैठा हुआ हैं।

वन भूमि खेतों में तब्दील:- वन विभाग की अनदेखी के कारण वन रेंज क्षेत्र में वनभूमि पर अतिक्रमण के मामले भी अब बढ़ने लगे है। वर्तमान में कई नाको में विभागीय कार्मिको की माफियाओं से सांठ-गांठ से वन भूमि खेतो में तब्दील हो गई है। वनों की सुरक्षा और उनका संवर्धन करने की जिम्मेदारी वन विभाग पर है। बावजूद इसके क्षेत्र के अतिक्रमियो के हौसले बढ़ने लगे है। ऐसे मामलों को गंभीरता से नही लेना विभागीय कार्यशैली पर प्रश्न खडा करता है।

कार्रवाई मात्र दिखावे की:- समय-समय पर वन विभाग कार्रवाई तो करता है लेकिन कार्रवा सिर्फ नाम मात्र के लिए होती है। तभी तो दिन-प्रतिदिन माफियाओं द्वारा वनभूमि पर कब्जा किया जा रहा है। वन विभाग की कार्रवा का भी माफियाओ पर को खास असर नजर नहीं आ रहा है, जिसके चलते वन भूमि को खेती योग्य बनाकर उस पर आराम से खेती करने में लगे है।

इस मामले में डीएफओ अनिल यादव ने बताया कि उन्होने जिले के सभी रेंजरो को वन भूमियों पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमियो के खिलाफ कार्रवाई के निर्देष दे रखे हैं। लेकिन फिर भी छबड़ा क्षेत्र में अगर किसी कार्मिक की षिकायत पाई जाती है तो जांच करवाकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

समय-समय पर कार्रवाई:- इस मामले में क्षेत्रीय वन अधिकारी तरूण रावत का कहना है कि स्थानीय वन विभाग वन क्षेत्र को बचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। विभाग द्वारा लगातार कार्रवाईयां कर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा रहा हैं। जहां-जहां मुझे अतिक्रमणकारी का पता चला है उन्हें चिन्हित कर वनभूमि से बेदखल किया हैं। षिकायत के उपरांत त्वरित कार्रवाई की जाती हैं। वही, पुराने अतिक्रमण के मामलो में नियमानुसार जुर्माना राशि वसूली जाती हैं।

भगवान गणेश की आरती हुई

झालावाड़ (निसं)। मंगलपुरा गली स्थित वार्ड नं. 34, जैकी स्टूडियों के सामने विराजे भगवान शक्ति गणेश की गणेश महोत्सव के दौरान रविवार रात्रि को भव्य आरती का आयोजन किया गया। शक्ति गणेश समिति के संयोजक गायत्री शर्मा ने बताया कि रविवार रात्रि को शक्ति गणेशजी की आरती पर्यटन विकास समिति के संयोजक ओम पाठक, उपाध्यक्ष ललित शर्मा, भगवती प्रकाश तथा मनजीत सिंह कुशवाह ने विधि विधान से भगवान गणेशजी की पूजा अर्चना की इस दौरान मोहल्ले के निवासियों ने बुद्धि के दाता भगवान गणेशजी के जयकारों से परिसर गूंज उठा तथा भक्तों ने भगवान गणेशजी के नुक्ती का भोग लगाया तथा क्षेत्र में सुख समृद्धि, पारस्परिक सौहार्द, भाईचारा तथा अच्छे स्वास्थ की कामना की। गणेश चतुर्थी से ही परिसर में रोजाना सवेरे शाम भगवान गणेशजी की आरती की जाती है तथा रात्रि को धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान मोहल्ले के निवासी रजनीगन्धा सोनी, ममता नागर, अर्चना शर्मा, ममता मित्तल, मंजू पाठक, आशा राजावत, रूचि गुप्ता, आशा सोनी, निशी अग्रवाल, सुशील गुप्ता ने भी आरती और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई

झालावाड़ (निसं)। आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जिले के राज्य में प्रथम स्थान पर आने पर जिला कलक्टर ने बधाई देते हुए कहा कि जिले की यह उपलब्धि निरन्तर आगे नियमित रहे इसके लिए सभी अधिकारी आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में तत्परता से कार्य करते रहें। जिला कलक्टर ने बैठक में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद् झालावाड़ एवं जेवीवीएनएल के अधिकारी को गांवडी तालाब के पास हाईटेंशन लाईन के नीचे बसे लोगों के अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता से जिले के बांधों की जलभराव की स्थिति की जानकारी लेते हुए आगामी दिनों में मानसून के पुन: सक्रिय होने की स्थिति में पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जिले में सभी जगह फोगिंग करवाने तथा नगर निकायों के अधिकारियों को नाले व नालियों की व्यापक साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में चल रहे सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए झालावाड शहर में सीवरेज के कार्य में प्रगति लाने तथा कार्य के पश्चात् सड़कों की मरम्मत करवाने के निर्देश आरयूआईडीपी के अधिकारी को दिए।

जी.ए.डी. गणेश मेले में हंगामा

कोटा, (निसं)। शहर के जीएडी सर्किल पर गणेश पंडाल में मारपीट का मामला सामने आया है। घटना रविवार देर रात 11.45 बजे के आसपास की है। मौके पर पुलिस भी मौजूद थी। पुलिस के सामने ही शराब के नशे में दो युवक उत्पात मचाने लग गए। इसके बाद मेला समिति के लोगों से भी उलझ गए। इस दौरान आपस में उनके बीच हाथापाई भी हो गई। इस दौरान लोगों ने कुर्सियों को उठाकर एक-दूसरे पर फेंका। मौके पर मौजूद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरकेपुरम थाना अधिकारी अजीत बागडोलिया ने बताया कि दीपक गोस्वामी और राजेंद्र महावर शराब के नशे में उत्पात मचा रहे थे। इन्हें घटनास्थल से थाने पर लेकर आए थे। बाद में शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार किया।

रेलवे ट्रैक पर स्क्रैप छोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कोटा-बीना रेललाईन पर बारां जिले में छबड़ा-भूलोन के बीच रेलवे ट्रैक पर 28 अगस्त की देर रात को मोटरसाईकिल का स्क्रैप कोई अज्ञात व्यक्ति छोड़ गया था। इससे एक मालगाड़ी टकरा गई थी। घटना के बाद रेलवे प्रशासन और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स सतर्क हो गया।

इस मामले में आरपीएफ ने मुकदमा भी दर्ज किया था। पूरे प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए आरपीएफ ने रविवार को 37 वर्षीय गजराज कंजर पुत्र पंजाब सिंह को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ बारां पोस्ट के आईपीएफ राजेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के बाद आरपीएफ की टीम जुटी हुई थी। इसमें लोकल पुलिस की भी मदद ली गई और आरोपी गजराज को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चाचौड़ा के शंकर मोहल्ला का निवासी है। यह रेलवे पटरी से करीब 100 मीटर दूर ही है। आरोपी पर पहले से हत्या, चोरी, लूटपाट व मारपीट सहित अन्य कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। आरोपी गजराज कंजर ने पूछताछ में बताया है कि वह इस स्क्रैप को रेलवे ट्रैक के नजदीक से ही उठा कर ले जा रहा था। स्क्रैप वहां पर कौन लाया, इसकी जानकारी उसे नहीं है।

वह रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहा था तभी सामने से ट्रेन आ गई। ऐसे में वह हड़बड़ा गया और स्क्रैप रेलवे ट्रैक पर ही छोड़कर भाग गया। जब वह दोबारा मौके पर पहुंचा तब वहां पर पुलिस और अन्य लोग मौजूद थे इसलिए वह डर गया और घर चला गया। घटना 28 अगस्त की देर रात को हुई थी और इस मामले में मुकदमा 29 अगस्त को दर्ज किया गया था।

घटना के बाद से ही आरपीएफ की पूरी टीम इस मामले का खुलासा करने जुटी थी। 10 दिन टीम इस मामले की जांच करती रही जिसके बाद रविवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सब इंस्पेक्टर श्रीकृष्ण शर्मा, हेड कांस्टेबल बबली शर्मा, कांस्टेबल अरुण कौशिश, हरिओम व विकास पड़ताल में लगे हुए थे। खासी मशक्कत के बाद आरोपी गजराज हत्थे चढ़ा है।

'पेंशनर्स को आरजीएचएस दवा सुविधा बहाल की जाए'

कोटा, (निसं)। राजस्थान पेंशनर मंच संभाग कोटा एवं जिला कोटा के पदाधिकारी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आरजीएचएस में जो दवाई प्राइवेट केमिस्टों से मिलती थी जिसे 8 अगस्त से उनका भुगतान नहीं होने के कारण बंद कर दी गई है। उनका भुगतान करके इस सुविधा को पुन: चालू की जाऐं।

ऐसे केमिस्टों का 500 करोड़ रुपए का भुगतान राज्य सरकार पर बकाया है। बैठक में ओल्ड पेंशन को यथावत राज्य में लागू रखने कोरोना काल के दौरान 1 जनवरी 2020 से लेकर 30 जून 2021 तक 18 महीने का महंगाई भत्ते का भुगतान रुका हुआ है उसे भुगतान करने की आठवां वेतन आयोग गठित करने तथा कॉम्प्यूटेशन की वसूली 10 वर्ष 8 माह में करने रेल सुविधाओं में जो पुरुषों को 50.40 प्रतिशत तथा महिलाओं की मांग की गई को 50 प्रतिशत सीनियर सिटीजन होने के नाते रियायत दी जाती थी उसको पुन: बहाल करने की मांग की गई।

राजस्थान पेंशन मंच को कार्यालय आवंटित करने तथा बंद चिकित्सा सुविधाओं को पुन: चालू करने की मांग का एक ज्ञापन 16 सितंबर 2024 को जिला कलेक्टर कोटा के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को भेजा जाएगा।

बैठक में राजस्थान पेंशन मंच का सदस्य अभियान भी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया सीनियर सिटीजन को बस सेवा में 50 प्रतिशत किराए की छूट पानी के लिए बस स्टैंड नयापुरा कोटा में 25 जमा कर करके तथा आधार कार्ड वह जन्म प्रमाण की प्रति उपलब्ध कराने पर उनके द्वारा 15 दिन में कार्ड बना कर दिए जाने की तथा सीनियर सिटीजंस को तीर्थ यात्रा करने संबंधी जानकारी भी उपस्थित पदाधिकारी को दी गई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने की।

विशिष्ट अतिथि नमो नारायण शर्मा रहे ओके बैठक में अशोक शर्मा नगर विकास न्यास अशोक शर्मा वन विभाग सत्येंद्र त्यागी जिला अध्यक्ष कोटा गोविंद शरण शर्मा, अब्दुल मन्नान सुरेश मेहरा, कमलेश सक्सेना, दिनेश त्यागी लक्ष्मी बल्लभ शर्मा संभागीय महामंत्री नंद सिंह चंद्रावत, आरसी गुप्ता ,सुरेश शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

छीपाबड़ौद में गुरुवंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

छीपाबड़ौद (निसं)। भारत विकास परिषद् द्वारा संस्कार प्रकल्प के तहत गुरुवंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आर्य वाटिका बस स्टेंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अनुज महाराज सिंह सिंघवी विशिष्ट अतिथि नरेश मीणा प्रधान, राजवीर सिंह तहसीलदार, महेन्द्र नागर प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं धीरज बाठला जिला प्रभारी एवं अध्यक्षता राजेंद्र योगी ने की कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया ।सचिव विकास सोनी, लक्ष्मीकांत गौत्तम, ब्रह्मप्रकाश नागर, गिरिराज बंसल, छीतरलाल नागर ने अतिथियों का अक्षत तिलक दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया ।भारत को जानो प्रभारी नरेश मालव एवं सह-प्रभारी धनराज सुमन ने बताया कि विद्यालय स्तर पर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों द्वारा पहले लिखित प्रतियोगिता कराई गई जिसमें पहले छ: स्थान पर आये विद्यार्थियों की छ: टीमों के बीच रेपिड राउंड,बंजर राउंड के द्वारा दूसरे चरण की भारत को जानो प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में इशिका योगी एवं देव मालव और कनिष्ठ वर्ग में भव्य योगी एवं गुरुप्रित मालव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सचिव विकास सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में जो टीम प्रथम रहीउन्हे सम्मानित किया।

तहसीलदार के नाम पर रिश्वत लेते ई-मित्र संचालक गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सोमवार को जिले के चेचट इलाके में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने मौके से तहसीलदार के नाम पर रिश्वत मांग रहे ई-मित्र संचालक को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपी ई-मित्र संचालक के पास से नकद 5 हजार रुपए बरामद किए गए। एसीबी की ओर से बताया गया कि ये पूरा मामला रजिस्ट्री करवाने को लेकर था।

इस मामले में तहसीलदार की भूमिका की भी एसीबी जांच कर रही है। वर्तमान में तहसीलदार तहसील में मौजूद नहीं हैं। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि 4 सितंबर को एक परिवादी ने शिकायत दी थी। चेचट में गिफ्ट डील करवाने की एवज में ई मित्र संचालक हरीश मंडोत पैसा की डिमांड कर रहा था। ये पैसे तहसीलदार के नाम पर मांगे जा रहे थे। ऐसे में इस शिकायत का सत्यापन कराया गया जिसमें 5 सितंबर को ई-मित्र संचालक ने पूरा काम करवाने की एवज में 5 हजार में सौदा तय किया। इस पर सोमवार को ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। साथ ही आरोपी ई मित्र संचालक को रिश्वत राशि के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक अनीस अहमद के नेतृत्व में हुई। मामले के अनुसार परिवादी की बहन गिफ्ट डीड उसके नाम करवा रही थी। इस मामले में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो गई थी जिसका पूरा खर्चा भी परिवादी ने दे दिया था लेकिन तहसीलदार विकास वर्मा इस पर साइन नहीं कर रहे थे।

यह पूरा साइन करवाकर देने की गारंटी ईमित्र संचालक हरीश मंडोत ने दी। वो इसके लिए सात हजार रुपए की डिमांड कर रहा था लेकिन फिर 5 हजार में सौदा तय हुआ था। एसीबी के डीएसपी अनीस अहमद का कहना है कि इस पूरे मामले में तहसीलदार की भूमिका संदिग्ध है। ऐसे में वर्तमान में वे तहसील में मौजूद नहीं हैं। इस पूरे प्रकरण में तहसीलदार की संलिप्तता के संबंध में भी जांच की जाएगी।

साइकिलिंग ट्रैक प्रतियोगिता का शुभारंभ

रावतभाटा, (निसं)। 68 वीं जिला स्तरीय साइकिलिंग ट्रैक प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोराव में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ. सुरेश धाकड एवं अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भैंसरोडगढ़ सुनील जैन और विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश पुरी, पंचायत समिति सदस्य भैंसराडगढ़ नंदकिशोर मीणा, मंडल उपाध्यक्ष दिलीप वैष्णव, पूर्व मंडल महामंत्री सुरेश धाकड़, मंडल मंत्री रामस्वरूप प्रजापत, मनीष गांधी, ओम प्रकाश सेन, डॉ. जयप्रकाश कुमावत, प्रधानाचार्य म.गा.रा.वि बोराव सुरेंद्र यादव एवं आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवचरण मीना रहे। सभी अतिथियों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर ध्वज सलामी दी गई। एवं मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराया गया। मुख्य निर्णायक मनोज सोनी द्वारा प्रतिभागियों को साइकिल रेस में होने वाले इवेंट्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कुल छात्र एवं छात्रा वर्ग में पांच-पांच टीमों ने भाग लिया।

बारिश के बाद शीघ्र शुरू करवाई जाए क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत : जिला कलेक्टर

बूंदी (निसं)। पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पेयजल उपलब्धता, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण एवं नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के बाद वर्षा ऋतु के दौरान क्षित ग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए टेण्डर सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं अभी पूरी कर ली जाए और बरसात का मौसम खत्म होते ही इनके कार्य यथा शीघ्र शुरू करवाए जाएं।जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के वार्ड टीम भिजवाकर लिया जाए, ताकि आमजन को चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई जा सके। इसके अलावा एंटी लार्वा गतिविधियां नियमित हो और फोगिंग करवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसा से क्षितग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत वर्षा ऋतु के बाद प्राथमिकता से करवाई जाए।

बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक बैठक ली।

उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि वर्षा होने पर जिन कॉलोनियों में पानी का जमाव ज्यादा रहता है उसकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जावे।उन्होंने निर्देश दिए कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किए गए पौधारोपण की जियो टैगिंग आवश्यक रूप से करवाई जाए। उन्होने निर्देश दिए कि भूमि आवंटन चिन्हित करने के लिए ब्लॉक सीएमएचओ संबंधित उपखंड अधिकारी से कॉर्डिनेट करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में अवैध माईनिंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की संख्या बढाई जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस लाईन से गणेश बाग की ओर जाने वाली सड़क पर हो रहे गड्ढों को शीघ्र भरवाया जाए, ताकि आमजन को आगवामन में किसी तरह परेशानी नहीं हो। उन्होने निर्देश दिए कि सभी राजकीय कार्य ई फाइलिंग के जरिए ही संपादित किए जाएं। साथ ही फाइलों के निस्तारण के लिए निर्धारित औसत समय को भी कम किया जाए। उन्होंने पोषण माह अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के संदर्भ में शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कृषि कनेक्शन जारी करने